प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **06-08-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-*

1-घर में घुसकर चोरी करने के एक अभियुक्त व अभियुक्ता को चोरी के माल व रूपयो सहित किया गया गिरफ्तार,थाना गलशहीदः-

अवगत कराना है दिनांक 05.08.2025 को वादी मौ0 नावेद S/O मौ0 मोबीन गुलशन नगर गली नं0 2 बडी मस्जिद के पीछे मुरादाबाद ने अज्ञात अभियुक्तगण द्वारा वादी के घर में रखे सोने के आभूषण आदि चोरी कर ले जाने के संबंध में थाना गलशहीद पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना गलशहीद पर मु0अ0सं0-86/2025 धारा-305(A) बीएनएस पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त आज दिनांक 06.08.2025 को उ0नि0 श्री रूणित तोमर थाना गलशहीद द्वारा मय हमराही पुलिसबल के प्रकाश में आये आरोपीगण 1. समद पुत्र मौ0 नौशाद, निवासी भूडे का चौराहा, थाना गलशहीद, मुरादाबाद 2.राहीन पत्नी समद, नि0- ग्राम सब्जीपुर, थाना पाकबडा, मुरादाबाद, हाल निवासी भूडे का चौराहा, थाना गलशहीद, मुरादाबाद को चोरी किये आभूषणों व आभूषण बेचकर लिये रूपयों सहित गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-317(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

विवरण पूछताछः-

अभियुक्तगण समद व राहीन से पूछताछ कि गयी तो अभियुक्तगण ने बरामदा माल के संबंध मे बताया कि हम दोनो आपस में शादी करना चाहते थे, लेकिन शादी के लिए हम दोनो के पास रूपये नही थे, राहीन नावेद के मकान में काम करती थी, हम दोनो ने प्लान बनाया कि नावेद के घर से ही चोरी कर ली जाये। राहीन को नावेद के घर में रखे गहने व जैवरात की जानकारी थी। बकरीद से 02 दिन पहले जब ये लोग घर पर नही थे ,तो हम दोनो ने उनकी अलमारी से उनके सारे गहने चोरी कर लिये थे। जिसके बाद हम दोनो ने दि0- 28.07.25 को शादी कर ली थी। ज्यादातर गहने हमने धीरे धीरे करके स्टेशन पर आने जाने वाले राहगीरो को बेच दिये है। ये पैसे उसी मे से बचे हुये है। तथा ये गहने भी उन्ही गहनो मे से बचे हुये है,ये सारे पैसे इकट्ठे करके हम दोनो करुला पर मकान खरीदने वाले थे और आज मकान के पैसे देने जा रहे थे कि आपने हमे पकड लिया।

गिरफ्तार आरोपीगणः-

1. समद पुत्र मौ0 नौशाद, निवासी भूडे का चौराहा, थाना गलशहीद, मुरादाबाद

2.राहीन पत्नी समद, नि0- ग्राम सब्जीपुर, थाना पाकबडा, मुरादाबाद, हाल निवासी भूडे का चौराहा, थाना गलशहीद, मुरादाबाद

बरामदगीः-

एक जोडी कुंडल (पीली धातु), 02 अंगूठी(पीली धातु), 04 नाक की लोंग (पीली धातु) व एक मोबाईल आई फोन -13 (व्हाईट कलर) व माल मुकदमाती 08 लाख 15 हजार रुपये नकदी

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

उ0नि0 श्री रूणित तोमर थाना गलशहीद मुरादाबाद
उ0नि0 मौ0 परवेज थाना गलशहीद मुरादाबाद
हे0का0 रवि कुमार थाना गलशहीद मुरादाबाद
हे0का0 संदीप कुमार थाना गलशहीद मुरादाबाद
म0का0 नन्ही देवी थाना गलशहीद मुरादाबाद

2.अवैध चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार,थाना कटघरः-

अवगत कराना है दिनांक 06.08.2025 को उ0नि0 श्री दीपक कुमार थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी साहिल पुत्र मकबूल अली नि0 आर0टी0ओ0 ऑफिस के पास, जन्नत बाग, बडा मदरसा के पास थाना – मझौला जनपद मुरादाबाद को एक अवैध चाकू सहित गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना कटघर पर मु0अ0सं0-489/2025 धारा-4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार आरोपीः-

साहिल पुत्र मकबूल अली नि0 आर0टी0ओ0 ऑफिस के पास, जन्नत बाग, बडा मदरसा के पास थाना – मझौला जनपद मुरादाबाद

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

उ0नि0 श्री दीपक कुमार थाना कटघर,मुरादाबाद।
हे0का0 सुधांशू थाना कटघर,मुरादाबाद।
का0 प्रवेश थाना कटघर,मुरादाबाद।

3- जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने में 13 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा 13 व्यक्तियों को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।

थाना मूंढापाण्डे - 05,थाना कांठ-02,थाना छजलैट-02, थाना बिलारी - 03, थाना भगतपुर- 01